हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

तापमान
अधिकतम 37.6°C
न्यूनतम 23.8°C


13 योग दिवस पर एमडीयू में होगा जिला स्तरीय समारोह


14 डेयरियों पर नगर निगम की सख्ती 10 चालान व 46 हजार...

## खबर संक्षेप

### पत्नी बेटे सहित लापता जांच में जुटी पुलिस

**रोहतक।** गांव कलानौर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की पत्नी और दो वर्षीय बेटे के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव काहनौर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। प्रदीप के अनुसार, 9 जून को उसकी पत्नी अपने दो वर्षीय बेटे जीवांश उर्फ जिशु को साथ लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### रुड़की में युवक पर हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** रुड़की के युवक पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 10 जून को रुड़की निवासी राहुल ने शिकायत दी थी कि वह अपने खेत से प्लॉट की ओर जा रहा था। तभी गांव का ही सन्नी दो साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे जान से मारने की नीयत से ईंटों से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच उपनिरीक्षक सुरेंद्र के नेतृत्व में हुई। 15 जून को पुलिस ने साहिल पुत्र गिरवर, दीपाशु पुत्र बिजेंद्र निवासी रुड़की तथा हेमंत पुत्र पवन निवासी भालौठ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

### खेत से ट्यूबवेल का सामान चोरी

**लाखन माजरा।** चिड़ी गांव में एक खेत से ट्यूबवेल का सामान चोरी हो गया। चिड़ी निवासी बिजेंद्र पुत्र महाबीर ने पुलिस को बताया कि उसका खेत धनाना रोड पर है। उसने अपने खेत में एक कमरा बनाया हुआ है। जहां से ट्यूबवेल के तीन स्टार्टर, ट्यूबवैल की वाल, ट्यूबवेल का बैंड, चाबी-पाने आदि चोरी हो गए। जब वह खेत में पहुंचा तो उसने देखा की कमरे की चौखट उखड़ी हुई थी।

### चिड़ी के खेत से मोनो ब्लॉक मोटर चोरी

**लाखन माजरा।** गांव चिड़ी में एक खेत से मोनो ब्लॉक की मोटर चोरी हो गई। किसान ने लाखन माजरा थाना में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी सोमवीर पुत्र सुरेश ने बताया कि उसका खेत लाखन माजरा रोड पर नहर के पास है। उसने अपने खेत में पानी निकालने के लिए 2 एचपी की मोनो ब्लॉक मोटर लगा रखी थी। रात को किसी ने उसकी मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्रशासन की परीक्षा :** जैमर-सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, बायोमेट्रिक जांच से निगरानी, केंद्रों पर रहेगा पुलिस का पहरा

# नीट के प्रश्नपत्र ले जाने वाले वाहन शहर में कहीं नहीं रुकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

21 जून को दोबारा आयोजित होने जा रही नीट (यूजी)-2026 परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्र ले जाने वाले वाहन पुलिस सुरक्षा के बीच सीधे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचेंगे और रास्ते में कहीं नहीं रुकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सभी गाइडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## जिले में नीट-यूजी के लिए बनाए गए हैं 17 परीक्षा केंद्र


बैठक में नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

जिले में नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। इस बार परीक्षा अवधि में 15 मिनट की बढ़ोतरी की गई है, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उपायुक्त ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर और बायोमेट्रिक सत्यापन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ओएमआर शीट की पैकिंग सहित परीक्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी करवाई जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड में रहे।

### डीसी ने जारी किए दिशा-निर्देश

डीसी ने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण देने को कहा। साथ ही नगर निगम अधिकारियों को मॉडल स्कूल के पास क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करवाने और हिसार रोड स्थित परीक्षा केंद्रों के आसपास पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि केवल अधिकृत अधिकारी और परीक्षार्थियों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षा केंद्र अधीक्षक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को मोबाइल फोन या डिजिटल उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र की छत पर पुलिस के दो जवान तैनात किए जाएंगे, जो निगरानी रखेंगे। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के दौरान बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन और कानून व्यवस्था से जुड़े सभी इंतजाम पुख्ता रखे जाएं, ताकि परीक्षा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

# मानसून से पहले बारिश का ट्रेलर

- दर्जनों स्थानों पर जलभराव, कई नालों में गाद और कचरा जमा
- अभी तक जारी नहीं किया गया नालों की सफाई का टेंडर
- प्रशासन की सीमित तैयारियों से हर साल होता है लोगों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून की दस्तक से पहले हुई बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। कुछ घंटों की बारिश में ही सड़कें कई जगह तालाब में तब्दील हो गईं, बाजारों व कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन गई तथा लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। यह महज एक ट्रेलर था, जबकि असली परीक्षा अभी बाकी है। यदि समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आगामी मानसून में शहर के कई हिस्सों के डूबने की आशंका बढ़ गई है।

नगर निगम और संबंधित विभागों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अभी तक नालों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में मानसून शुरू होने से पहले प्रमुख नालों और ड्रेनों की सफाई अधर में लटकी हुई है। शहर के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश से पहले सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली तेज बारिश आते ही व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आ जाती है। बारिश के दौरान सबसे अधिक परेशानी उन क्षेत्रों में देखने को मिलती है जहां वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है।





### यहां जमा होता है पानी

मानसून के समय रेडियो स्टेशन क्षेत्र, हुडा कॉम्प्लेक्स, गोहाना अड्डा, सैनी स्कूल रोड, छोटूराम चौक, सिविल रोड, प्रेम नगर, राहड़ रोड, गोहाना रोड टीबी अस्पताल के आसपास का क्षेत्र, सुखपुरा चौक, कन्हेली रोड, रेलवे रोड, सोनीपत रोड, गांधी कैंप, सेक्टर-दो और तीन की मार्केट, सेक्टर दो, नया बस अड्डा तथा बाइपास के कई हिस्से ऐसे स्थान हैं जहां हर मानसून में पानी जमा हो जाता है।

### सड़कों का लेवल सही नहीं

कई जगहों पर सड़कें नीची होने और नालियों की क्षमता कम होने के कारण बारिश का पानी घंटों तक जमा रहता है। इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी जोखिम उठाना पड़ता है। जलभराव के कारण कई बार वाहन बंद हो जाते हैं और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। बाजारों में पानी भरने से दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### ध्यान नहीं दिया तो गंभीर होंगे हालात

शहर के नागरिकों का कहना है कि यदि मानसून से पहले नालों की व्यापक सफाई, अवैध अतिक्रमण हटाने और पंपिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। कई क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी के पुराने ढांचे को आज तक आधुनिक जरूरतों के अनुसार विकसित नहीं किया गया। वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि मानसून से निपटने के लिए तैयारियां की जा रही हैं और जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर विशेष योजना बनाई जा रही है।



### एमडीयू के छात्र बोले-डीसी साहब थैंक्स

एमडीयू के बाहर बरसात के मौसम में जलभराव हो जाता था। इसकी शिकायत डीसी सचिन गुप्ता को की गई थी।डीसी ने एरिया की सफाई करवा कर जल निकासी का प्रबंध करवा दिया। इसके बाद मानसून से पूर्व यहां बारिश हुई तो जलभराव देखने को नहीं मिला, जिससे एमडीयू के छात्र छात्राओं और राहगीरों ने भी राहत की सांस ली। उन्होंने उपायुक्त सचिन गुप्ता का आभार जताया है।

### जल्द जारी होगा नालों की सफाई का टेंडर



जलभराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही नालों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और सफाई का कार्य तेज गति से करवाया जाएगा। जलभराव वाली जगहों का भी सर्वे करवाया गया है। मानसून में यहां निगम कर्मचारियों की भी तैनाती की जाएगी।

-**रामअवतार वाल्मीकि**, मेयर नगर निगम

### शहर में दिनभर मेहमान की तरह आती और जाती रही बिजली

- सोमवार को आई तेज आंधी का असर मंगलवार को भी शहर की बिजली व्यवस्था पर साफ दिखाई दिया। बिजली दिनभर मेहमान की तरह कभी आती तो कुछ देर बाद फिर गुल हो जाती, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
- गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली कटने से घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य उपकरण बंद पड़े रहे। बाबरा मोहल्ला, देव कॉलोनी, गांधी कैंप, सेक्टर-2, 3, 4 और सेक्टर-35 सहित कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।
- बिजली नहीं होने से पेयजल संकट भी गहरा गया, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी की मोटरें नहीं चल सकीं।
- दुकानदारों, छोटे कारोबारियों और घरेलू उपभोक्ताओं का दैनिक कामकाज भी बाधित हुआ। बिजली निगम अधिकारियों के अनुसार तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं बिजली तारों पर गिर गईं, जिससे लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं और विभिन्न फीडरों पर फाल्ट आ गए।
- कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर लाइनों की जांच की और खराबियों को दूर किया। निगम अधिकारियों का दावा है कि अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है और शेष समस्याओं के समाधान के लिए भी युद्धस्तर पर कार्य किया गया।

### 20 जून तक फिर बारिश के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में 20 जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कई क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं तथा हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बदलाव से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि कुछ स्थानों पर नमी बढ़ने से उमस महसूस हो सकती है। आने वाले दिनों में तापमान में अधिक बढ़ोतरी के संकेत नहीं हैं। मंगलवार को रोहतक में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जून के अंत में मानसून की दस्तक

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में मानसून सामान्य रूप से जून के अंतिम सप्ताह में पहुंच सकता है। मानसून से पहले होने वाली बारिश खरीफ फसलों की तैयारियों के लिए लाभदायक मानी जाती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखने की सलाह दी है। खेतों में सिंचाई, जुताई और अन्य कृषि कार्य मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर करने चाहिए। समय पर बारिश होने से फसलों की बुवाई की तैयारियों को भी गति मिलेगी।

**मनीषा मित्तल मर्डर केस में नया मोड़**

## भाई हिमांक का वीडियो आया सामने, बोला- मेरी हड्डियां टूटी पड़ी हैं हत्या से कोई लेना-देना नहीं, अब गिरफ्तार आरोपी उगलेंगे सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिमला के चर्चित मनीषा मित्तल हत्याकांड में उस समय नया मोड़ आ गया, जब मृतका के भाई हिमांक मित्तल का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में हिमांक ने बहन की हत्या में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि उसका इस वारदात से कोई लेना-देना नहीं है। उसने दावा किया कि कुछ दिन पहले उस पर भी जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें उसके हाथ-पैर की हड्डियां टूट गई थीं। उधर, शिमला पुलिस ने मनीषा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार दोनों शूटरों को सात दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर स्कूल संचालिका की हत्या किसके इशारे पर करवाई गई। गौरतलब है कि मूल रूप से रोहतक की रहने वाली 42 वर्षीय मनीषा मित्तल का अपने भाई हिमांक के साथ स्कूल की संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं पति के साथ भी पारिवारिक विवाद के चलते मामला अदालत में विचाराधीन है। ऐसे में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और रिमांड के दौरान कई अहम खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जानिए... हत्याकांड से जुड़ी अहम जानकारी

- शिमला पुलिस ने झज्जर के दुजाना निवासी आशीष अहलावत और सुनारिया निवासी दीपक को रोहतक से किया है गिरफ्तार
- 13 जून को गोली मारकर की गई थी मनीषा मित्तल की हत्या
- पहचान छिपाने के लिए सफेद स्विफ्ट पर हिमाचल प्रदेश की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर शिमला पहुंचे थे आरोपी
- प्रत्यक्षदर्शी सुरक्षा गार्ड यशपाल ने पुलिस को दी थी दो नकाबपोशों द्वारा गोली मारने की जानकारी, सिर में तीन गोलियां लगने की हुई थी पुष्टि
- हत्या के मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए मनीषा मित्तल के भाई हिमांक मित्तल, पार्टनर गोविंद और पति डॉ. सुभाष यादव समेत अब तक करीब 20 लोगों से पूछताछ कर चुकी पुलिस



जिला पार्षदों ने की अतिरिक्त चार्ज वापसी की मांग

## निगम आयुक्त को मिला 3 और नगर पालिकाओं का भी जिम्मा

- गुरुवार को पार्षद धरना देंगे या नहीं, अब इस पर टिकीं निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार वापस लेने की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्यों ने मंगलवार को विकास भवन में धरना दिया। इसी बीच सरकार ने नरेंद्र कुमार को जिले की तीनों नगर पालिकाओं महम, कलानौर और सांपला का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया।

ऐसे में जिला परिषद सदस्यों की मांग के उलट अधिकारी के जिम्मे अब और अधिक शहरी निकायों की जिम्मेदारी आ गई है। ध्यान रहे कि मंगलवार को धरने पर बैठे जिला परिषद सदस्यों का कहना था कि नरेंद्र कुमार के पास पहले ही जिला परिषद के सीईओ के साथ एडीसी व नगर निगम आयुक्त का कार्यभार है। इनका आरोप है कि नगर निगम जैसे बड़े संस्थान की जिम्मेदारियों के चलते जिला परिषद से जुड़े विकास कार्य, योजनाओं की समीक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान में समय नहीं मिल पा रहा है।

### मांग के उलट बढ़ा दिया अतिरिक्त कार्यभार

धरने पर बैठे जिला परिषद सदस्यों धीरज मलिक, सतपाल हुड्डा, दीपिका, मांगेराम, सुमन, अमित रांगी और सीमा भालौठ ने मांग की थी कि नरेंद्र कुमार से नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त चार्ज वापस लेकर जिला परिषद के लिए अलग अधिकारी नियुक्त किया जाए। उनका कहना था कि ग्रामीण विकास कार्यों के लिए अधिकारी की नियमित उपलब्धता जरूरी है। लेकिन नए आदेश में नरेंद्र कुमार को महम, कलानौर और सांपला नगरपालिकाओं का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंप दिया गया, जिससे सदस्यों की नाराजगी बढ़ गई।

### आंदोलन जारी रखेंगे

सतपाल हुड्डा ने कहा कि जिला परिषद के माध्यम से गांवों में विकास कार्य होते हैं और इसके लिए अधिकारी का पर्याप्त समय देना जरूरी है। दीपिका, मांगेराम और सुमन ने आरोप लगाया कि सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। अमित रांगी और सीमा भालौठ ने कहा कि नगर निगम, नगरपालिकाएं और जिला परिषद अलग-अलग संस्थान हैं, जिनके लिए अलग अधिकारियों की जरूरत है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।

## नीरज हत्याकांड: परिवार ने शव लेने से किया इनकार

**हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े ग्रामीण इस्माइला में कस्सी से सिर काटकर जलघर की डिग्गी में फेंक दिया था नीरज का शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

इस्माइला गांव में युवक नीरज की हत्या के मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव लेने और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिवार का कहना है कि जब तक हत्यारे गिरफ्तार नहीं होते, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

रविवार आधी रात अज्ञात हमलावरों ने नीरज की कस्सी से वार कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी शव को जलघर परिसर में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए परिवार को



रोहतक चलने को कहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल के पास धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान प्रधान विकास खत्री, चेयरमैन टीनू खत्री और पवन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि जांच के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं तथा संदेह के आधार पर कई युवकों से पूछताछ की जा रही है।

**उपलब्धि** — हरियाणा की बेटियों ने रचा इतिहास

## रोहतक की निधि रानी समेत प्रदेश की पांच एथलीट कॉमनवेल्थ गेम्स में दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नया इतिहास रच दिया है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए घोषित भारतीय एथलेटिक्स टीम में हरियाणा की पांच महिला खिलाड़ियों सहित कुल छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों से प्रदेश और देश को पदक की बड़ी उम्मीदें हैं।

कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन 23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लास्गो शहर में किया जाएगा। भारतीय टीम में 22 पुरुष और 10 महिला एथलीटों सहित कुल 32 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। हरियाणा से ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा भी भारतीय दल का हिस्सा होंगे। महिला वर्ग में मनप्रीत कौर (अंबाला), सीमा (भिवानी), रवीना (जींद), निधि रानी (रोहतक) और पूजा (फतेहाबाद) का चयन प्रदेश के लिए गौरव की बात है।


मनप्रीत कौर


सीमा


पूजा


निधि रानी


रवीना

### ये खिलाड़ी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि मनप्रीत कौर शॉटपुट, सीमा और निधि रानी डिस्कस थ्रो, रवीना रेस वॉक तथा पूजा हाई जंप स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनके अलावा उत्तर प्रदेश की प्रियंका रेस वॉक, पारुल चौधरी 3000 मीटर स्टीपलचेज और 5000 मीटर दौड़, जबकि अंशा बाबू, रशदीप कौर और नीरू पाठक 4×400 मीटर रिले टीम में शामिल हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि नीरज चोपड़ा, रोहित यादव और यशवीर सिंह जेवलिन थ्रो में चुनौती पेश करेंगे। तजिंदर पाल सिंह तूर, समरदीप सिंह गिल, गुरिंदर वीर, अनिमेष कुजूर, गुलवीर सिंह, तेजस अशोक श्रीशे, यशश पी, संतोष कुमार तमिलारसन, सर्वेश अनिल कुशारे, आदर्श राम, देव मीणा, कुलदीप कुमार, श्रीशंकर एम, लोकेश सत्यानाथन, विशाल टी.के. और राजेश रमेश भी विभिन्न स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### शुभकामनाएं दीं

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के पदाधिकारियों, जिनमें डॉ. ललित के भनोट, बहादुर सिंह सागू, आदिल जे. सुमारीवाला, रविंद्र चौधरी, मधुकांत पाठक, राजकुमार मित्तान, दिलबाग सिंह और हनुमान सिंह भादू आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## गणेश विसर्जन की बदली परंपरा, नहरों की जगह अब डेरे में होता है; संत परंपरा के साथ सामाजिक जागरूकता का भी बन रहा गढ़

# 800 वर्षों की परंपरा का प्रतीक गौकर्ण डेरा, आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के मध्य स्थित गौकर्ण डेरा केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, संत परंपरा और सामाजिक जागरूकता का जीवंत केंद्र है। लगभग 800 वर्षों से अधिक पुरानी इस पीठ ने समय-समय पर धर्म, संस्कृति और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज गौकर्ण डेरा रोहतक की पहचान और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।गौकर्ण पीठ की स्थापना सिद्ध संत बाबा सिद्ध केशव पुरी महाराज से मानी जाती है। इसके बाद गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार अनेक महंतों ने इस गद्दी को सुशोभित किया। गद्दी पर विराजमान महामंडलेश्वर कपिल पुरी महाराज ने बताया कि डेरे के इतिहास में बाबा गंगा पुरी, शिव पुरी, सेवा पुरी, मेवा पुरी, प्रतीत पुरी, भवानी पुरी, मधुरा पुरी, टहल पुरी, अमर पुरी, किशन पुरी, मंगल पुरी, शीतल पुरी, बिशम्बर पुरी, गंगा पुरी, खेमराज पुरी, शौक पुरी, धर्मपुरी, राम पुरी और लक्ष्मण पुरी जैसे संतों ने अपनी आध्यात्मिक साधना और जनसेवा से इस परंपरा को आगे बढ़ाया।



**ऐतिहासिक गद्दी पर महंत बाबा कपिल पुरी महाराज विराजमान :** वर्तमान में इस ऐतिहासिक गद्दी पर महंत बाबा कपिल पुरी महाराज विराजमान हैं, जो धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से पीठ की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। इतिहासकारों और संत परंपरा से जुड़े लोगों का मानना है कि विदेशी आक्रमणों और सांस्कृतिक चुनौतियों के दौर में ऐसे डेरे और मठ ही भारतीय संस्कृति की रक्षा के प्रमुख केंद्र बने। गौकर्ण डेरा भी उन्हीं संस्थानों में से एक है जिसने सनातन धर्म की ज्योति को सदियों तक प्रज्ज्वलित रखा। यहां से समाज को भाईचारे, सेवा, संयम और आध्यात्मिक जीवन का संदेश मिलता रहा है।

### सामाजिक सरोकारों में अहम भूमिका

समय के साथ डेरे ने केवल धार्मिक गतिविधियों तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गणेश प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था है। कुछ वर्ष पहले तक गणेश उत्सव के बाद श्रद्धालु नहरों और अन्य जल स्रोतों में प्रतिमाओं का विसर्जन करते थे। इससे जल प्रदूषण बढ़ता था और नहरों की स्वच्छता प्रभावित होती थी। गौकर्ण डेरे ने इस विषय पर लोगों को जागरूक किया और डेरे परिसर में ही विसर्जन की उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई।

### गणेश विसर्जन की बदली परंपरा

आज रोहतक शहर के अधिकांश गणेश मंडल और श्रद्धालु अपनी प्रतिमाओं का विसर्जन गौकर्ण डेरे में ही करते हैं। इस पहल से न केवल धार्मिक परंपरा का सम्मान बना हुआ है, बल्कि नहरों और जल स्रोतों को प्रदूषित होने से भी बचाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम शहर के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है।

### डेरे में वर्षभर होते हैं अनुष्ठान, दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु



गौकर्ण डेरे में वर्षभर धार्मिक आयोजन, कथा-प्रवचन, भजन संध्या, यज्ञ, संत समागम और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इन आयोजनों में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। आस्था, इतिहास, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम बन चुका गौकर्ण डेरा आज रोहतक ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। सदियों पुरानी यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों को भी धर्म और समाज सेवा का संदेश देती रहेगी।

-**कपिलपुरी महाराज**, महामंडलेश्वर, गौकर्ण डेरा

## खबर संक्षेप



### मानसून से पहले हो ड्रेन व नालों की सफाई: एसडीएम

**महम।** आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर एसडीएम विपिन कुमार ने नगर पालिका एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ ड्रेन,माईनर व नालों की सफाई और जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात सीजन के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण व बरसाती पानी निकासी से जुड़ी सभी आवश्यक परियोजनाएं, जल निकासी व्यवस्था और नालों की सफाई का कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। मानसून के दौरान जलभराव जैसी कोई स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए ड्रेन, नालों और जल निकासी की समयबद्ध सफाई आवश्यक है। बाढ़ नियंत्रण संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।



### नि:शुल्क शिविर में जांचा कर्मचारियों का स्वास्थ्य

**महम।** रोहतक के एक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा मंगलवार को महम चीनी मिल परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर ने किया। काफी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। चिकित्सकों ने रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड, गठिया, हृदय रोग, किडनी संबंधी रोग, श्वास संबंधी समस्याएं, पीलिया, पेट संबंधी बीमारियां, नसों के रोग तथा पुराने सिरदर्द से पीड़ित मरीजों की जांच की। शिविर में सर्जरी, यूरोलॉजी तथा लिथोट्रिप्सी से संबंधित समस्याओं के लिए भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया।

## साई नाथ कंपनी और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी, ठेकेदार पर कर्मियों के शोषण का आरोप

**ठेकेदार सिर्फ वीआईपी कार्यक्रमों में ही करवाता है सफाई, जबकि अन्य क्षेत्रों की अनदेखी**

# हटाए गए डोर-टू-डोर कर्मियों की बहाली के लिए निगम कार्यालय में किया प्रदर्शन



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

काम का अधिक बोझ, कम वेतन और पद के अनुरूप कार्य न मिलने का विरोध करने वाले डोर-टू-डोर कर्मचारियों को ठेकेदार कंपनी द्वारा काम से हटाए जाने के विरोध में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई का आंदोलन लगातार जारी है। मंगलवार को कर्मचारियों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते हुए साई नाथ कंपनी और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। संघ के प्रधान शंभू टांक ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये का ठेका होने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था का बोझ नगर निगम के नियमित कर्मचारियों पर डाला जा रहा है। ठेकेदार केवल वीआईपी कार्यक्रमों और चुनिंदा क्षेत्रों में सफाई करवाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों की अनदेखी की जा रही है। विरोध करने वाले कर्मचारियों को काम से हटाकर उनके परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल दिया गया है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि 1 मई से 14 मई तक चली हड़ताल के दौरान यह सहमति बनी थी कि किसी भी कर्मचारी को काम से नहीं हटाया जाएगा तथा हड़ताल अवधि का वेतन भी दिया जाएगा। इसके बावजूद कर्मचारियों को हटाया गया, जिससे उनमें रोष है। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने महापौर रामअवतार वाल्मीकि से मुलाकात की।

- **महापौर से मिले कर्मचारी नेता, एक सप्ताह में जांच और कार्रवाई का मिला आश्वासन**

### समिति गठित कर जांच करवाएंगे

महापौर ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर जांच समिति गठित कर मामले की जांच करवाई जाएगी तथा हटाए गए कर्मचारियों को वापस काम पर लेने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राकेश चावरिया, राजपाल टांक, रवि चड्ढा, सुरेश पिवाल, सुभाष चावरिया, सुरेंद्र पारचा, भीम चावरिया, कृष्ण बिड़लान, सतपाल पिवाल, रमेश घोघलिया, सिकंदर बिड़लान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण चौकीदारों ने प्रदर्शन कर पंचायत मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, कल करेंगे आंदोलन का ऐलान

**रोहतक।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा (सीटू) ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को मानसरोवर पार्क में बैठक कर सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान संजय चुलियाणा ने की, जबकि संचालन सोमवीर ने किया। बैठक के बाद चौकीदारों ने प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर सीटीएम के माध्यम से पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा के राज्य कोषाध्यक्ष भगत सिंह ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार 24 घंटे सेवा देने के साथ सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें केवल 11 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो मौजूदा महंगाई में परिवार चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। चौकीदारों ने मांग की कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार नीति बनाकर ग्रामीण चौकीदारों को नियमित किया जाए और उन्हें न्यूनतम वेतन दिया जाए। सभा पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार के रवैये के विरोध में 18 जून को पानीपत में होने वाली राज्य स्तरीय कन्वेंशन में आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस दौरान संजय चुलियाणा, आनंद, हनीफ समर गोपालपुर, सोमवीर कलानौर, कृष्ण सांगाहेड़ा, दयाकिशन टिटौली, रामनिवास टिटौली, बाला चिड़ी, बलवान, रामेश्वर, अनिल भगवतीपुर, सुरेंद्र खरावड़, बसंत खरावड़, राजेश कबूलपुर और महासिंह रिटोली मौजूद रहे।

### महंगाई का विरोध, भाकपा ने पीएम का पुतला फूंका



**महम।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी एरिया कमेटी की एक बैठक काठमंडी स्थित बाल्मीकि धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता राय सिंह नेहरा ने की। बैठक का संचालन पार्टी जिला कमेटी सदस्य कामरेड प्रकाश चंद्र ने किया। पार्टी के जिला सचिव मंडल के सदस्य व हरियाणा ज्ञान विज्ञान आंदोलन के नेता प्रमोद गोरी बैठक में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। उन्होंने बताया देश में बढ़ रही महंगाई से जनता परेशान है। खाद्य तेल और गैस के रेटों में ज्यादा बढोतरी की गई है। बढ़ती बेरोजगारी का समाधान नहीं किया जा रहा। नीट परीक्षा के पेपर लीक का मामला अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है। अमेरिकी साम्राज्यवाद के आगे घुटने टेकना गलत है। देश की जनता के हित में नीतियां न बनाकर चंद उद्योगपतियों के पक्ष में फैसले लिए जा रहे हैं। जिससे जनता में भारी आक्रोश है। स्थानीय नेता बलवान सिंह ने बताया कि भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने राष्ट्रीय स्तर पर 15 जून से लेकर 30 जून तक पूरे देश में सरकार के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत मंगलवार को महम में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर महावीर सिंह, नफे सिंह, सत्यनारायण, सतपाल, भीमसेन, जोरा सिंह, मास्टर बलवान सिंह व नरेश समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वेतनमान संशोधन के आदेश जारी करने की मांग को लेकर पैक्स कर्मचारियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- **समय से आश्वासन मिलने के बावजूद समय पर नहीं हुई मांगों पर ठोस कार्रवाई**

वेतनमान में विसंगतियां दूर करने और सरकार द्वारा की गई घोषणा के आदेश जारी करने की मांग को लेकर पैक्स कर्मचारियों ने मंगलवार को सेंट्रल बैंक रोहतक भवन के बाहर धरना दिया। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कर्मचारी संगठन के प्रधान देवेंद्र राणा ने कहा कि पैक्स कर्मचारियों के वेतनमान में खामियों को दूर करने के लिए वर्ष 2018 में विभागीय कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने कर्मचारियों के वेतन का अवलोकन कर वर्ष 2019 में रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने भी वेतन विसंगति को सही माना था और इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक उसके आदेश जारी नहीं हुए।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 13 मई 2023 को मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मांगों पर बनी थी सहमति

महासचिव भगवंत शर्मा ने बताया कि घोषणा को लागू करवाने के लिए पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा ने कई वर्षों तक संघर्ष किया। मुख्यमंत्री आवास करनाल और चंडीगढ़, सहकारिता मंत्री आवास रोहतक व बावल तथा रजिस्ट्रार सहकारी समितियां कार्यालय पंचकूला पर प्रदर्शन किए गए। उन्होंने कहा कि बैठकों में मांगों पर सहमति बनने के बावजूद कर्मचारियों को केवल आश्वासन ही मिले हैं। खजांची फूलराम ने कहा कि 13 मई 2023 को मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में भी वेतनमान की खामी दूर करने के आदेश जारी करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद भी कोई आदेश जारी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि छह साल से अधिक समय बीत चुका है और इस दौरान करीब 70 प्रतिशत कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि बाकी कर्मचारी भी लगातार सेवानिवृत्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

### मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में दोबारा तेज किया जाएगा आंदोलन

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक वेतनमान की खामी और पदोन्नति से जुड़े आदेश जारी करने पर सहमति बनी थी, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार आश्वासन देकर कर्मचारियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कर्मचारियों ने साफ किया कि जब तक सरकार और विभाग सहमति के अनुसार आदेश जारी नहीं करते, तब तक एचआरएमएस पोर्टल के लिए पैक्स कर्मचारी कोई डाटा उपलब्ध नहीं करवाएंगे। उन्होंने बताया कि सहकारिता मंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम पहले स्थगित किया गया था, लेकिन अब मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को दोबारा तेज किया जाएगा।

### वार्ड 20 में आंबेडकर पार्क का कायाकल्प मेयर व पार्षद कौशिक ने किया उद्घाटन

**रोहतक।** वार्ड 20 स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क को नई पहचान मिली है। सोमवार को मेयर रामावतार वाल्मीकि और वार्ड 20 के पार्षद प्रवीण कौशिक ने पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन किया। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े पार्क को अब साफ-सुथरा और बच्चों के लिए आकर्षक बना दिया गया है। पार्षद प्रवीण कौशिक ने बताया कि नवीकरण के तहत पार्क की बाउंड्री वॉल पर प्लास्टर और रंग रोगन का कार्य करवाया गया है। 8 जुलाई तक बाउंड्री वॉल का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन उससे पहले ही काम पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही पार्क में बच्चों के लिए 8 नए झूले भी लगाए गए हैं। नई सुविधाओं से पार्क की रौनक लौट आई है। पार्क में हुई नई सुविधाओं को देखकर स्थानीय लोग खुश हैं। लोगों का कहना है कि अब एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण में सुबह की सैर कर पाएंगे। बुजुर्गों के बैठने के लिए जगह मिली है और बच्चे झूलों का लुत्फ उठा रहे हैं। लंबे समय से पार्क की खराब हालत को लेकर लोग मांग कर रहे थे। अब मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों ने मेयर और पार्षद का धन्यवाद किया। पार्क के सौंदर्यीकर्ण की जानकारी मिलने से वार्ड 20 के निवासियों में खुशी है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अब टहलने और बैठने के लिए सुरक्षित जगह मिल गई है। लोगों का कहना है कि इस कदम से पूरे इलाके की पहचान बदलेगी और लोगों का पार्क की तरफ रुझान बढ़ेगा। उद्घाटन के मौके पर लक्ष्मण वर्मा, निरपाल, धर्मवीर शास्त्री, रोहतास भारद्वाज, जगदीश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य की सराहना की और इसे वार्ड के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।



**उपलब्धि** सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घघाटन

# पीएम मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के लिए रहे परिवर्तनकारी : मनीष ग्रोवर

- **भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल देश के लिए परिवर्तनकारी और जनकल्याणकारी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है और भारत की वैश्विक पहचान को नई मजबूती दी है। मंगलवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए ग्रोवर ने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक जन-धन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना और मुद्रा योजना जैसी अनेक योजनाओं ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) व्यवस्था के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है।



**रोहतक।** उद्घाटन करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका।

### जनता के बीच जाकर समझे समस्याएं

भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से जिला विकास भवन में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की। केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित यह प्रदर्शनी अगले तीन दिनों तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

### खेल और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में प्रगति हुई

ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और देश आज विश्व मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि विकास, अधोसंरचना, आध्यात्मिक पर्यटन, खेल और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ पारदर्शी शासन देने का प्रयास किया है। साथ ही उन्होंने शहर की समस्याओं का उल्लेख करते हुए माल गोदाम रोड क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या के शीघ्र समाधान की आवश्यकता जताई तथा प्रशासन से निर्धारित समय सीमा में कमी लाकर जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### जल सेवा दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य व मानवता की सच्ची साधना : बतरा

**रोहतक ।** कांग्रेस भवन के बाहर आमजन एवं राहगीरों की सुविधा के लिए शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु वाटर कूलर का लोकार्पण विधायक भारत भूषण बतरा द्वारा किया गया। बतरा ने कहा यह सेवा कार्य हमारे परिवार के सदस्य गीतेश बत्रा द्वारा अपने पूज्य पिता की पुण्य स्मृति में समर्पित किया गया है यह सराहनीय है। इस अवसर पर बत्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल दान को सर्वोत्तम सेवा और महान पुण्य माना गया है। भीषण गर्मी के दिनों में राहगीरों की प्यास बुझाने का यह प्रयास केवल एक सुविधा नहीं बल्कि मानवता और सेवा भाव का श्रेष्ठ उदाहरण है। निश्चित रूप से इस वाटर कूलर से प्रतिदिन हजारों लोगों को राहत मिलेगी और उनकी दुआएं इस पुण्य कार्य से जुड़े परिवार को प्राप्त होंगी। बतरा ने गीतेश बत्रा एवं उनके पूरे परिवार की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में ऐसे सेवा कार्य दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और सामाजिक संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी , मोनू शर्मा , बलजीत राणा , पूर्व पार्षद सुरेंद्र बत्रा , संजय दलाल , विकास गोयल , लाला परमार ,चरणजीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

- **शहर में "स्वर्गीय पिता की स्मृति में गीतेश बत्रा परिवार ने समर्पित किया शीतल जल सेवा का उपहार"**




**रोहतक।** वाटर कूलर का लोकार्पण करते विधायक भारत भूषण बतरा,गीतेश बत्रा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी व अन्य गणमान्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप


रोहतक। जेजेपी जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेते जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा।

### जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष जन-जन अभियान के तहत करेंगे रोहतक जिले का दौरा

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला आगामी 19, 20 और 23 जुलाई को जन-जन अभियान के तहत रोहतक जिले के दौरे पर रहेंगे। इस संबंध में जेजेपी जिला कार्यालय रोहतक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा, बीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी तथा युवा जिला प्रधान अभिषेक देशवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि दिग्विजय सिंह चौटाला 19 जुलाई को गढ़ी सांपला किलोई हल्के, 20 जुलाई को महम हल्के तथा 23 जुलाई को कलानौर और रोहतक शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस अवसर पर कृष्ण घणघस, राजेश गुलिया, प्रवीण लांबा, प्रवेश कंसाला, प्रेमलता, अमित सिंधु, नरेश पांचाल, सत्यनारायण नंबरदार, जगदीश किराड़, नवीन कुमार, प्रवीण भूटानी, रामबिलास बनियानी, महेश पानू, आजाद देशवाल, भीम कुंडू, अशोक, नरेंद्र सिवाच, नवीन सांघी, धर्मवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, सतीश कुमार, जगदीश चंद्रवंशी, महेंद्र नरवाल और धर्मबीर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला विकास भवन में 20 को लगेगा मेगा जॉब फेयर

**रोहतक।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में 20 जून को मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इसमें करीब 30 से 35 प्रतिष्ठित कंपनियां और निजी क्षेत्र के नियोक्ता भाग लेंगे। विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन मौके पर ही किया जाएगा। इसमें ऑपरेटर, ग्रेजुएट ट्रेनी, पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी, आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रिशियन ,वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट सहित तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी।

# योग दिवस पर एमडीयू में होगा जिला स्तरीय समारोह, 5000 से अधिक साधक लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और एमडीयू ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम एमडीयू के सरदार वल्लभभाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में करीब 5000 प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को एमडीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग और प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की।

### एमडीयू के रजिस्ट्रार ने की समीक्षा


रोहतक। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते एमडीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल।

### योग कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक

छात्र कल्याण विभाग की निदेशक प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि योग कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन, सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम करवाया जाएगा।

### कार्यक्रमों की सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला और खंड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित हों। डीसी ने बताया कि इस बार एमडीयू में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौसम की स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक स्थल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा खंड स्तर पर होने वाले योग कार्यक्रमों के लिए संबंधित उपमंडलाधीशों को योजना तैयार करने को कहा गया है।

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, सुरक्षा और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर निगम को आयोजन स्थलों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित व्यायामशालाओं में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आमजन से योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।


रोहतक। योग करते शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य महाविद्यालय, रोहतक के सेठ जुगल किशोर समागार में आयोजित सात दिवसीय योग कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार से हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों ने कई योगासनों का अभ्यास किया, जिनमें शारीरिक लचीलापन, मानसिक एकाग्रता और स्वास्थ्य संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया गया। योग प्रशिक्षकों ने आसनों की सही विधि और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और जीवन में सकारात्मक बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों व कर्मचारियों को योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम ने सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर में ऊर्जा का संचार करने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। कार्यशाला में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। सात दिवसीय यह कार्यशाला 21 जून तक चलेगी, जिसमें योग के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी।

## कॉलेज निरीक्षण में मनमानी पर लगेगी लगाम

# अब एमडीयू लागू करेगा जियो टैगिंग आधारित निगरानी व्यवस्था

**विश्वविद्यालय ने निरीक्षण व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध कॉलेजों के निरीक्षण में पारदर्शिता लाने और कथित अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन नई डिजिटल व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद निरीक्षण करने वाली कमेटियां मौके पर गए बिना रिपोर्ट तैयार नहीं कर सकेंगी और न ही निरीक्षण के कई दिन बाद अपनी रिपोर्ट जमा कर पाएंगी। विश्वविद्यालय का मानना है कि इससे निरीक्षण प्रक्रिया में जवाबदेही बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा। सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय को समय-समय पर ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं कि कुछ मामलों में निरीक्षण टीमों की रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया गया। कई बार कॉलेजों का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट तत्काल जमा नहीं की जाती थी। रिपोर्ट जमा करने में कई दिनों की देरी होने से उसकी निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में विश्वविद्यालय ने निरीक्षण व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत जिस भी कॉलेज का निरीक्षण किया जाएगा, वहां पहुंचने के बाद कमेटी सदस्यों को जियो-टैगिंग करनी होगी। इससे यह रिकॉर्ड होगा कि निरीक्षण टीम वास्तव में संबंधित कॉलेज परिसर में मौजूद थी। निरीक्षण के दौरान कॉलेज की आधारभूत सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कक्षाओं और अन्य व्यवस्थाओं के फोटो भी पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। बिना जियो-टैगिंग और फोटो अपलोड किए निरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं मानी जाएगी।

### पूनिया के नेतृत्व में नई व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा

एमडीयू के डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (डीसीडीसी) प्रो. राजेश पूनिया के नेतृत्व में इस नई व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य कॉलेजों में उपलब्ध शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं का वास्तविक आकलन करना तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। उच्च शिक्षा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि यदि यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है तो निरीक्षण प्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और विश्वसनीय बनेगी। साथ ही कॉलेजों में मानकों के पालन को लेकर भी गंभीरता बढ़ेगी। डिजिटल निगरानी और जियो-टैगिंग आधारित निरीक्षण व्यवस्था को विश्वविद्यालय प्रशासन भ्रष्टाचार और मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहा है।

### 82 डिग्री कॉलेज

ध्यान रहे कि एमडीयू के तहत 82 डिग्री कॉलेज हैं। इनमें से 22 सरकारी सहायता प्राप्त, 41 राजकीय तथा 19 स्वपोषित कॉलेज हैं। बीएड के एक राजकीय, चार सरकारी सहायता प्राप्त और 85 स्वपोषित कॉलेज हैं। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में झज्जर में एक राजकीय कॉलेज तथा 28 स्वपोषित कॉलेज हैं। प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए 24 निजी महाविद्यालय हैं। 20 कॉलेज विधि (लॉ) पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। तीन महाविद्यालय आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम के हैं, दो कॉलेज स्वायत्त (ऑटोनॉमस) हैं।

### कमेटी के गठन की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड होगी

विश्वविद्यालय एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर रहा है, जिस पर निरीक्षण से जुड़ी पूरी प्रक्रिया दर्ज होगी। कमेटी गठन से लेकर निरीक्षण रिपोर्ट जमा होने तक प्रत्येक चरण डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जाएगा। कमेटी के गठन की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड होगी और सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। इससे निरीक्षण प्रक्रिया का पूरा डिजिटल ट्रैक उपलब्ध रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह होगा कि निरीक्षण समाप्त होते ही रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। पहले की तरह निरीक्षण एक दिन और रिपोर्ट कई दिन बाद जमा करने की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि रियल टाइम रिपोर्टिंग से रिपोर्ट में बाद में किसी प्रकार के बदलाव या बाहरी प्रभाव की संभावना काफी हद तक कम हो जाएगी।

## वार्ड-10 के बोहर गांव स्थित कन्या विद्यालय का जल्द बदलेगा स्वरूप

**एक करोड़ रुपये से होगा व्यापक सौंदर्यीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


परियोजना को मारुति सुजुकी के सहयोग से साकार किया जा रहा

वार्ड-10 के अंतर्गत आने वाले बोहर गांव स्थित शहीद सतपाल सिंह गिरोह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का जल्द ही नया स्वरूप देखने को मिलेगा। विद्यालय के व्यापक सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इस परियोजना के तहत विद्यालय परिसर को आधुनिक और आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। पार्षद प्रतिनिधी सुमित नांदल ने बताया कि विद्यालय में होने वाले इस कार्य के तहत पूरे परिसर में नई टाइलें बिछाई जाएंगी, पुराने और जर्जर फर्श को बदलकर नया फर्श तैयार किया जाएगा तथा विद्यालय की दीवारों का भी विशेष रूप से सौंदर्यकरण किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल की दीवारों पर शिक्षा, नैतिक मूल्यों और सामान्य ज्ञान से संबंधित स्लोगन, कविताएं, चित्र और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक वातावरण मिल सके। इस परियोजना को मारुति सुजुकी के सहयोग से साकार किया जा रहा है। कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत विद्यालय के विकास के लिए यह कार्य किया जाएगा। इससे न केवल स्कूल की भौतिक संरचना मजबूत होगी बल्कि शिक्षा का माहौल भी पहले से अधिक बेहतर और आधुनिक बनेगा।

## कवि रचनाओं से गूंजा शैली साहित्य मंच का सम्मेलन, साहित्यकारों ने बांधा समां



**रोहतक।** शैली साहित्य मंच, हरियाणा की ओर से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के हिंदी विभाग में आयोजित वार्षिक साहित्यिक समारोह में कवि सम्मेलन मुख्य आकर्षण रहा। सम्मेलन में देश-प्रदेश के 50 से अधिक साहित्यकारों और कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्य की विभिन्न विधाओं से रूबरू कराया। कवियों ने गीत, कविता, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नरेश मिश्र ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधुकांत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी रोहतक के निदेशक डॉ. संजय बाली और जींद से शकुंतला काजल ने भी साहित्यिक आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राठी ने किया। कवि सम्मेलन में प्रो. नरेश मिश्र, डॉ. मधुकांत, डॉ. संजय बाली, डॉ. चंद्रदत्त शर्मा, पवन मित्तल, देवदत्त देव, जय सिंह 'जीत', खुशबू जैन, कृष्ण लाल 'गिरधर', पंकज गोयल, शकुंतला काजल, लोककवि रघवीर शर्मा, राजकुमार नैन, आजाद सिंह आजाद सहित अनेक रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कवियों की प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जय सिंह 'जीत' एवं उनकी टीम ने घड़वा और हारमोनियम के संगम से संगीतमय प्रस्तुति देकर माहौल को और जीवंत बना दिया। मंच अध्यक्ष डॉ. चंद्रदत्त शर्मा और उपाध्यक्ष पवन मित्तल ने आयोजन की व्यवस्थाओं को संभाला।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर हवन यज्ञ कर दी श्रद्धांजलि



**रोहतक।** सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर हर्बल पार्क, सेक्टर-3 में सामूहिक हवन यज्ञ का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में योग साधकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए गुरु साहिब के सर्वोच्च बलिदान को याद किया।मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष जगबीर आर्य ने कहा कि गुरु अर्जुन देव ने सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अमानवीय यातनाएं सहते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान सदैव समाज को सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में दया आर्य ने यज्ञ ब्रह्मा का दायित्व निभाया। हवन यज्ञ में धर्मराज दांगी, कमलेश दांगी, अमृता हुड्डा, संतोष सहित अनेक योगी भाई-बहनों ने आहुति अर्पित कर गुरु अर्जुन देव को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## रोटरी क्लब रोहतक सैफायर ने 300 जरूरतमंद छात्राओं को बांटी साइकिलें

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सैफायर द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट पंख' के तहत सोमवार को मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आईटीआई ग्राउंड में 300 जरूरतमंद एवं मेधावी छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों से स्कूल आने वाली छात्राओं को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में केवल उन छात्राओं को साइकिलें दी गईं जिन्होंने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और आर्थिक रूप से जरूरतमंद हैं। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि बेटियों की शिक्षा राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। वहीं एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि गुगनानी, हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, क्लब प्रधान विजय तायल, प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## वार्ड-7 में जलापूर्ति सुचारू होने पर महिलाओं ने मनाई खुशी



**रोहतक।** लंबे समय से पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे वार्ड-7 के निवासियों को अब राहत मिल गई है। घरों में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से शुरू होने पर मंगलवार को क्षेत्र की 200 से अधिक महिलाओं ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का अनोखे अंदाज में आभार व्यक्त किया। यह महिलाएं गुरूनानकपुरा, सुखपुरा, प्रेमनगर, पाडा मोहल्ला व गोहाना अड्डा की महिलाएं पहुंची। महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ विभाग कार्यालय पहुंचीं और वहां मौजूद अधिकारियों के प्रति खुशी जाहिर की। महिलाओं ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राजेश और जेई भूदेव को मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने बताया कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायत करने के बाद विभागीय अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से लिया और आवश्यक कदम उठाकर जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाया।

## पूर्व सैनिक कैंटीन का हिसार छावनी के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**रोहतक।** हिसार छावनी से आए वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने एक रुपया चौक स्थित पूर्व सैनिक सीएसडी कैंटीन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हाल ही में देव कॉलोनी के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से स्थानांतरित होकर इंद्र नगर, रुपया चौक स्थित नए परिसर में पहुंची कैंटीन में उपलब्ध सुविधाओं का अधिकारियों ने बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान हिसार कैंट से कर्नल क्यू, कर्नल ए.के. सिंह तथा कैंटीन डायरेक्टर कर्नल हरि सिंह ने पूर्व सैनिकों के लिए बनाए गए वेटिंग हॉल, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बिलिंग काउंटर और सामान की उपलब्धता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वहां मौजूद पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से बातचीत कर नई कैंटीन में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पूर्व सैनिकों ने अधिकारियों को बताया कि पहले देव कॉलोनी में स्थित कैंटीन के आसपास जगह कम होने और गलियां संकरी होने के कारण काफी परेशानी होती थी। इस अवसर पर सूबेदार विजेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह, सूबेदार ओमप्रकाश, हवलदार नरेंद्र सिंह, धर्मवीर खटकड़, हवलदार सीलक राम लठवाल, धर्मवीर सिंह कुंडू, बलवान सिंह, कैप्टन दयाराम और कैप्टन जगवीर मलिक सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## निंदाना में मकान के सामने शराब बेच रहे युवक पर केस

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव निंदाना में एक युवक घर के सामने शराब बेच रहा था। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मुखबर ने सूचना दी थी कि निंदाना गांव निवासी दिनेश पुत्र सतबीर शराब बेचने का काम करता है और फिलहाल अपने मकान के बाहर बैठकर शराब बेच रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वह एक पेटी शराब रखे हुआ था। पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन उसे काबू कर लिया गया। पेटी चैक की तो उसमें 11 बोतल देशी शराब माल्टा मस्ती बरामद हुई।

**NOTICE**

I, Armaan S/O Sh. Jagdish Kumar, R/o H.NO-273, SECTOR-14, DISTRICT-Rohtak Haryana-124001 have changed my name from Armaan to Armaan Saharan for all future purposes.

## 19वें एमआईएफएफ में एक शॉर्ट फिल्म व दो डॉक्यूमेंट्री ने बनाई जगह

# सुपवा की शॉर्ट फिल्म व डॉक्यूमेंट्री की आज मुंबई में स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) द्वारा बनवाई गई शॉर्ट फिल्म व डॉक्यूमेंट्री की 17 जून को मुंबई में स्क्रीनिंग होगी। इन्हें 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एमआईएफएफ) में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। चयन समिति ने इसके लिए सुपवा की एक शॉर्ट फिल्म व दो डॉक्यूमेंट्री का चयन किया है। इनका निर्माण यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों ने किया है, जबकि सुपवा इनकी प्रॉड्यूसर है। डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने बताया कि शॉर्ट फिल्म 'जंगली रानी', डॉक्यूमेंट्री 'तालमेल' व 'रोहतक मेरा शहर' को एमआईएफएफ में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। इनका निर्माण फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के 2022 व 2023 बैच के छात्रों ने किया है। ये छात्रों के कोर्स का हिस्सा हैं, जिनके निर्माण में अदाकारी, म्यूजिक, ड्रेस डिजाइनिंग से लेकर डायरेक्शन तक की जिम्मेदारी स्वयं छात्रों ने निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां की फिल्मों का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहुंचना सुपवा परिवार के लिए खुशी की बात है। इससे साबित होता है कि यहां विश्वस्तरीय संसाधन मौजूद हैं, जिनसे छात्र हूबहू उसी पैटर्न पर फिल्म व डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करते हैं, जैसे बॉलीवुड या हॉलीवुड में किसी मूवी का निर्माण होता है।


रोहतक। डॉक्यूमेंट्री 'रोहतक मेरा शहर' का एक दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### तीन छात्रों की कहानी 'रोहतक मेरा शहर'

डॉक्यूमेंट्री 'रोहतक मेरा शहर' तीन छात्रों की दिल छूने वाली यात्रा है, जो उच्च शिक्षा की खोज में अपने शहर को छोड़ देते हैं। नए शहर की अनजान सड़कों पर अपना रास्ता ढूंढते हैं, तो खुद को तरस और खोज के बीच फंसा पाते हैं। अनपेक्षित समानताओं में भी आराम महसूस करते हैं। संघर्ष, दोस्ती और आत्म-मान्यता के पलों के जरिए, उनके लिए घर की तलाश एक जगह से एक भावना में बदल जाती है। इसका निर्देशन 2023 डायरेक्शन बैच के छात्र विनायक शर्मा ने किया है। इसके ऑडियोग्राफर गौतम बैनीवाल रहे, जबकि एडिटर रजत व सिनेमेटोग्राफर वामसी रहे।

### समाज को आईना दिखाती है 'जंगली रानी'

शॉर्ट फिल्म 'जंगली रानी' सिनेमा की चमक-धमक के पीछे शोषण और अमानवीयता को उजागर करती है। यह कानी समाज को आईना दिखाती है कि जब कला के नाम पर संवेदनाएं कुचल दी जाती हैं तो इंसानियत हार जाती है। इसका निर्देशन 2022 डायरेक्शन बैच की छात्रा नाव्या हयरन ने किया है। इसके सिनेमेटोग्राफर कार्तिक पंडित रहे, जबकि साउंड डिजाइनर रवि, प्रॉडक्शन डिजाइनर ऋषभ अरोड़ा, एडिटर करण भारद्वाज, आर्ट डायरेक्टर सिमरन सांगवान और कॉस्ट्यूम डिजाइन रिया ने किया।

## आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को सिखाए धर्म के मूल सिद्धांत

**रोहतक।** आर्य वीर दल के तत्वावधान में आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित सात दिवसीय आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थी बालकों को संस्कार, अनुशासन और धर्म के मूल सिद्धांतों की शिक्षा दी गई। बौद्धिक सत्र में शिविर उपाध्यक्ष आचार्य शक्तिदेव ने आचरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विचारों की शुद्धता सफल जीवन का पहला आधार है। उन्होंने बच्चों को ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करने और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं शिविर बौद्धिक अध्यक्ष आचार्य प्रविंद्र ने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि वेदों की आज्ञाओं का पालन करना ही सच्चा धर्म है, जिससे भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। इस अवसर पर इंद्रेश, संदीप कान्ही, पवनजीत, सचिन ढुआ, लक्ष्मण और अंकुर अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अनुबंधित बिजली कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**रोहतक।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ और भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े कर्मचारियों ने रोजगार सुरक्षा से जुड़े वादे पूरे न होने पर नाराजगी जताई है। कर्मचारियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा करीब 22 महीने पहले दिए गए आश्वासन के अनुसार 15 जून तक नियुक्ति पत्र जारी किए जाने थे, लेकिन समयसीमा बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बिजली निगम में जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में कार्यरत हजारों अनुबंधित कर्मचारी लंबे समय से नियमित रोजगार और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। 15 जून की समयसीमा निकलने से कर्मचारियों में प्रदेशभर में रोष है। प्रधान रविंद्र हुड्डा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

### श्रम कानूनों के पालन करने पर जोर

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने न्यूनतम वेतन, श्रमिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित करने पर जोर दिया।उपायुक्त ने कहा कि न्यूनतम वेतन दरों में हुई वृद्धि का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान चलाए जाएं तथा श्रमिकों और उद्योग संचालकों को जागरूक किया जाए। बैठक में बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम उन्मूलन से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई और शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए गए।

## बुनियादी सुविधा फेल : शहर में 150 शौचालय, कहीं गंदे, टूटे दरवाजे, तो कहीं लटके ताले, टोंटिया तक गायब

**ठेकेदार ने सभी शौचालयों पर तैनात नहीं किए कर्मचारी**

# लाखों के शौचालय बनाने पर रहा जोर, एक साल में 1.17 करोड़ का सफाई ठेका देकर हालात देखना भूला निगम

*हर चार शौचालय पर एक सफाईकर्मी कैसे सुधरे हालात !*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि पड़ताल

स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं के दावों के बीच शहर के सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। शहर में 150 से अधिक सार्वजनिक शौचालय हैं, जिनके निर्माण और रखरखाव पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इनमें से कई शौचालय या तो बंद पड़े हैं या फिर गंदगी और रखरखाव के अभाव से जूझ रहे हैं। हालत यह है कि अनेक सरकारी कार्यालयों में बने शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं। निगम ने सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और देखरेख के लिए करीब 1 करोड़ 17 लाख रुपये का वार्षिक ठेका दिया था। लेकिन निगम ही ठेका देकर भूल गया। कई स्थानों पर शौचालयों में नियमित सफाई नहीं हो रही है और पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती भी नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।



**रोहतक।** राधे राधे पार्क के पास बने शौचालय का टूटा दरवाजा।



**रोहतक।** हुडा काम्प्लेक्स में बंद पड़ा शौचालय रास्ते पर उगी घास।



**रोहतक।** दिल्ली बाइपास पर दिव्यांगों के शौचालय पर लगा हुआ ताला।

### चार शौचालयों पर एक कर्मी की जिम्मेदारी

सार्वजनिक शौचालयों की देखरेख के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त नहीं है। औसतन हर चार शौचालयों की जिम्मेदारी केवल एक कर्मचारी पर है। कई शौचालय एक-दूसरे से 500 मीटर से एक किमी की दूरी पर स्थित हैं, जिससे एक कर्मचारी के लिए सफाई करना मुश्किल हो जाता है।

### महिलाओं, दिव्यांग और बुजुर्गों को परेशानी

शहर में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए, ताकि बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुविधा मिल सके। रखरखाव की कमी के कारण कई शौचालय बंद या गंदे पड़े हैं। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बाहर से आने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### यहां-यहां बंद पड़े शौचालय

दिल्ली बाईपास, तहसील कार्यालय, हुडा कॉम्प्लेक्स, लघु सचिवालय परिसर सहित कई स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय बंद पड़े हैं। इन शौचालयों पर ताले लगे होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है जो सरकारी कार्यों से इन कार्यालयों में आते हैं और उन्हें मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं हो पाती। कसाई चौक राधे राधे पार्क के पास शौचालय में बहुत ज्यादा गंदगी पड़ी हुई है। दिल्ली बाईपास पर दिव्यांग शौचालय पर ताला लटका हुआ है। लघु सचिवालय परिसर में भी शौचालय टूटे हुए हैं।

### बेहतर सुविधा मुहैया करवाएंगे



शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सार्वजनिक शौचालयों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली जा रही है। जहां कहीं भी कमी है, उसे जल्द दूर कराया जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। **-राम अवतार वाल्मीकि**, मेयर

### अच्छा रख रखाव जरूरी



निगम को आमजन के लिए बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवानी चाहिए। सार्वजनिक शौचालयों की न केवल संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, बल्कि जो पहले से बनाए जा चुके हैं, उनका अच्छी तरह से रखरखाव और सफाई और मरम्मत करवाई जानी चाहिए। **-बीबी बतरा**, विधायक रोहतक शहर

### शौचालयों के हालात खराब



शहर के अधिकतर शौचालयों के हालात खराब हैं। इनमें नियमित सफाई नहीं करवाई जाती। नगर निगम को इन शौचालयों पर ध्यान देने की जरूरत है। ताकि आमजन को सुविधाएं मिल सके।

**- कदम सिंह अहलावत**, पूर्व पार्षद

# डेयरियों पर नगर निगम की सख्ती 10 चालान और 46 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में डेयरियों द्वारा फैलाए जा रहे गोबर और गंदगी पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाया है। नगर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थित डेयरियों का निरीक्षण कर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की।अभियान के दौरान 10 डेयरियों के चालान कर 46 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि 15 डेयरी संचालकों को सीलिंग नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि डेयरी संचालकों द्वारा गोबर को नालों और सीवरों में बहाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं।



**रोहतक।** डेयरी संचालकों को चालान देते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी खतरा

निगम आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें तथा गोबर एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

# हमारा बचपन मोबाइल-इंटरनेट से दूर, मिट्टी, खेल व शरारतों में बीता

**कोई विशेष सुविधाएं नहीं, फिर भी जीवन में आनंद था**

अजीत सिंह का कहना है कि मैं एयर फोर्स से रिटायर्ड हूं। आज भी जब बचपन की यादें ताजा होती हैं तो आंखों के सामने गांव की कच्ची गलियां, खेतों की मेड़ें और दोस्तों की टोली घूमने लगती है। हमारा बचपन आज के बच्चों की तरह मोबाइल और इंटरनेट में नहीं, बल्कि मिट्टी, खेल और शरारतों में बीता था। सुबह घर से निकलते थे तो मां को बस इतना बताते थे कि दोस्तों के साथ खेलने जा रहे हैं। फिर कबड्डी, गिल्ली-डंडा, कंचे, खो-खो और पेड़ों पर चढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाता था। कई बार खेल में इतने मशगूल हो जाते थे कि घर लौटने का समय ही भूल जाते थे। शाम को जब पिता जी खेत या काम से वापस आते और पता चलता कि पढ़ाई छोड़कर पूरा दिन खेल में निकाल दिया है तो डांट के साथ कभी-कभी मार भी पड़ जाती थी। उस समय बुरा जरूर लगता था, लेकिन आज समझ आता है कि उनकी सख्ती हमारे भविष्य को संवारने के लिए थी।

**न महंगे खिलौने और न सुविधाएं:** हमारी सबसे बड़ी खुशी दोस्तों के साथ जीत-हार में होती थी। न कोई महंगे खिलौने थे और न कोई बड़ी सुविधाएं, फिर भी जीवन में भरपूर आनंद था। बारिश में कीचड़ में कबड्डी खेलना, नहर में नहाना कंचे खेलना आज भी यादों में ताजा है





अजीत सिंह

### कबड्डी और दौड़ ने शरीर को मजबूत बनाया

बाद में सेना में भर्ती हुआ तो महसूस हुआ कि बचपन के वही खेल और पिता की सख्ती जीवन की सबसे बड़ी ट्रेनिंग थी। कबड्डी और दौड़ ने शरीर को मजबूत बनाया, जबकि पिता के अनुशासन ने कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहना सिखाया। सेना की कठिन ट्रेनिंग के दौरान कई बार बचपन के वही दिन याद आते थे। आज की पीढ़ी के पास सुविधाएं ज्यादा हैं, लेकिन बचपन का असली आनंद खुले मैदानों, दोस्तों की संगत और माता-पिता के संस्कारों में ही छिपा है। मेरे लिए बचपन की वे यादें आज भी जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

### मिट्टी के खेल और सपनों की उड़ान ने बनाया फौजी

मेरा नाम राजकुमार है और मैं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हूं। जब भी बचपन की यादें ताजा होती हैं तो गांव की गलियां, खेतों की मेड़ें और दोस्तों के साथ खेली गई कबड्डी आज भी आंखों के सामने घूम जाती है। बचपन में दिनभर दोस्तों के साथ कबड्डी, गिल्ली-डंडा, कंचे और खो-खो खेलना सबसे बड़ा शौक था। तब पिता जी की डांट और कभी-कभी मार भी खानी पड़ती थी। उस समय उनकी सख्ती बुरी लगती थी, लेकिन आज महसूस होता है कि उसी अनुशासन ने मुझे जीवन में आगे बढ़ने की ताकत दी। गांव के खुले मैदानों में दौड़ना, पेड़ों पर चढ़ना और नहर किनारे दोस्तों के साथ समय बिताना बचपन का सबसे सुंदर हिस्सा था। आज की पीढ़ी को देखकर लगता है कि तकनीक जरूरी है, लेकिन बचपन का असली आनंद खुले मैदानों, दोस्तों की संगत और परिवार के संस्कारों में ही छिपा होता है।



राजकुमार

### पिता की डांट और मार ने सिखाया जीवन का पाठ, वही बचपन आज सबसे प्यारी याद

मेरा नाम रमन कथूरिया है और मैं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हूं। आज जब बचपन की यादों के पन्ने पलटता हूं तो सबसे पहले पिता की सख्ती और उनकी डांट याद आती है। उस समय उनकी बातों और मार से डर लगता था, लेकिन आज समझ आता है कि वही अनुशासन जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन गया। हमारा बचपन आज की तरह मोबाइल और इंटरनेट में नहीं बीता। दिनभर दोस्तों के साथ गली-मोहल्लों में खेलना, कंचे, गिल्ली-डंडा, कबड्डी और पिट्ठू खेलना हमारी दिनचर्या का हिस्सा था। कई बार खेल के चक्कर में पढ़ाई छूट जाती थी और घर पहुंचने पर पिता जी की डांट सुननी पड़ती थी। कभी-कभी शरारत ज्यादा हो जाती तो मार भी पड़ जाती थी। बचपन के वे दिन संघर्ष भरे जरूर थे, लेकिन उनमें अपनापन, संस्कार और जीवन की सीख भरी हुई थी। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो पिता की डांट भी प्यार लगती है और उनकी मार भी एक सीख। सच कहूं तो बचपन की वही यादें आज जीवन की सबसे खूबसूरत और अनमोल धरोहर बन चुकी हैं। आज भी पूराने दिन याद आते हैं तो दिल बाग-बाग हो जाता है।



रमन कथूरिया

# विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ केस दर्ज

- पति और ससुर पर जान से मारने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने अपने पति व ससुर के खिलाफ महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी छह साल पहले दिल्ली के नांगलोई की जेजे कॉलोनी निवासी प्रवीन के साथ हुई थी। लेकिन उसके ससुराल वाले दहेज की मांग कर रहे हैं। एक लाख रुपये की मांग की जा रही है। उसको घर से निकाल देते हैं। उसका पति प्रवीन और उसका ससुर जयकिशन उसको जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसका पति शराब का आदि है और उसके साथ मारपीट भी करता है। उसके गहने भी बेच दिए। उसके कागजात भी उसके ससुराल वालों के पास ही हैं। पिछले 10-12 दिन पहले उसको घर से बाहर निकाल दिया और गंदी गालियां दी। पुलिस ने इस संबंध में महिला के पति प्रवीन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# भगोड़े आरोपी पर नया केस, पकड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर थाना पुलिस ने कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए एक आरोपी के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान परवीन पुत्र सत्यवान निवासी मदन हेड़ी, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ शहर थाना में 11 जून 2023 को मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी को अदालत में पेश होना था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद अदालत में पेश न होने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आरोपी को भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके बाद अदालत के आदेशों की पालना करते हुए शहर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**
**ऑफिस नं.: 9253681019-20,**
**फोन : 9253681010, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


**आदेश** उपायुक्त ने सुरक्षा मानकों के सख्त पालन के निर्देश दिए

# डी-पार्क अग्निकांड के बाद सख्ती, अनाज मंडी की हर दुकान में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य

- *मंडियों में बुनियादी ढांचे और सड़कों की मरम्मत के निर्देश*
- *मार्केट कमेटी कार्यालयों में 10-15 फायर यंत्र रखने के आदेश*
- *पेट्रोल पंप व पीडीएस दुकानों में भी सुरक्षा उपकरण जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी-पार्क मार्केट में गत 9 जून को हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद जिला प्रशासन अब अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्त नजर आ रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला की सभी अनाज मंडियों में प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मार्केट कमेटी कार्यालयों, पेट्रोल पंपों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की सरकारी दुकानों में भी अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंगलवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डी-पार्क में आग लगने से हुए भारी नुकसान को देखते हुए सुरक्षा मानकों की अनदेखी नहीं की जा सकती। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मंडियों के दुकानदारों के साथ बैठक कर प्रत्येक दुकान में अग्निशमन यंत्र लगवाना सुनिश्चित किया जाए। वहीं मार्केट कमेटी कार्यालयों में 10 से 15 अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।



**रोहतक।** कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### मंडियों में डिजिटल धर्मकांटे स्थापित किए जाएं

बैठक में मंडियों के आधारभूत ढांचे की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने रोहतक, महम, सांपला और कलानौर मंडियों में सड़कों, सीवर, जल निकासी, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, प्रकाश व्यवस्था और डिजिटल धर्मकांटों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी खरीद सीजन से पहले सभी मंडियों में डिजिटल धर्मकांटे स्थापित किए जाएं तथा जरूरत के अनुसार मंडियों और खरीद केंद्रों का विस्तार किया जाए। डीसी ने बताया कि रोहतक मंडी में 1.3 करोड़ रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिसका कार्य आगामी शुक्रवार से शुरू होगा। इसके अलावा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कराई जा रही सड़क मरम्मत परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मानसून से पहले कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। प्रशासन के इन निर्देशों को डी-पार्क अग्निकांड के बाद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# सांपला में 10 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

- नपा बैठक में फैसला, सभी वार्डों में 25-25 लाख के कार्य कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे के समग्र विकास, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में मंगलवार को सांपला नगरपालिका की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में करीब दो घंटे तक विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लगभग 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई, जिससे आने वाले समय में कस्बे के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बैठक में सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं व आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड में 25-25 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों में मुख्य रूप से टूटी सड़कों की मरम्मत, गलियों का निर्माण, नालियों की व्यवस्था को दुरुस्त करना तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का समाधान शामिल रहेगा। इसके साथ ही कस्बे के विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण और सुधार कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। नगरपालिका बैठक में आवारा पशुओं और बंदरों की बढ़ती समस्या पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पार्षदों ने कहा कि इनकी वजह से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। समाधान के लिए आवारा पशुओं और बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू करने पर सहमति बनी।